ओपीजीसी को कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पुरस्कार

■ स्थायी पेयजल योजना

झारसुगुड़ा. झारसुगुड़ा जिला स्थित ईब तापज बिजली केंद्र के आसपास के गांवों में दीर्घकालीन पेयजल योजना के लिए ओड़िशा पावर जेनेरेशन कर्पोरेशन (ओपीजीसी) को मान्यता मिलने के साथ ही शुक्रवार को आयोजित ओड़िशा सीएसआर सम्मेलन में पुरस्कृत किया गया. थिंक मीडिआ आईएनसी दिल्ली द्वारा आयोजित इस सीएसआर सम्मेलन (कनक्लेव) का मुख्य उद्देश्य था ओड़िशा में कार्य करनेवाले विभिन्न कर्पोरेट समूहों द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) कार्यक्रम के संबंध में चर्चा करना एवं सीएसआर को बिजनेस स्ट्रेटजी के अभिन्न अंग के रूप में शामिल करते हुए इसे दीघकालीन विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) का एक मुख्य जरिया के रूप में व्यवहार करने के लिए विचार करना. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य खदान एवं इस्पात मंत्री रजनीकांत सिंह के हाथों ओपीजीसी के वित्त विभाग निर्देशक एचपी नायक ने पुरस्कार स्वरूप मानपत्र एवं ट्राफी प्रदान किया. ओपीजीसी के सीएसआर विजन के तहत झारसुगुड़ा जिला के स्थित ईब तापज बिजली केंद्र के आसपास के इलाके में स्वयं सहायता समूह के संचालन में पेयजल योजना को सुचारु एवं सफलता के साथ कार्यकारी किया गया है. यह सीएसआर मॉडल स्थानीय निवासियों की इस समस्या को समाधान करने में एक बेहतर माध्यम बना है. ईब तापज बिजली केंद्र के करीब 17 आसपास के इलाके में 420 मेगावाट क्षमता वाले बिजली उत्पादन केंद्र से पेयजल आपूर्ति सुविधा अंतर्गत सीधे रूप से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल व्यावस्था की गई है. इसके अलावा ओपीजीसी की ओर से हर वर्ष गर्मी के महीने में इसके आसपास 20 से अधिक गांवों को टैंकर की सहायता से शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराई जाती है. ओपीजीसी सामूहिक भागिदारी एवं संचालन प्रक्रिया आरंभ करने के साथ ही सफलता के साथ ही सीएसआर को कंपनी के कोर बिजनेस स्ट्रेटजी में शामिल किया गया है.